तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 17 जुलाई 2025

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4



विधायक के गृहग्राम की नदी में नहीं बना पुल, बच्चे नदी पार कर स्कूल आते हैं पढ़ने

## खबर संक्षेप

### परियोजना समन्वयक भर्ती, सूची जारी

**कोरबा।** कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा परियोजना समन्वयक पद पर संविदा भर्ती हेतु अनिवार्य न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से समाज कार्य, समाजशास्त्र, बाल विकास, मानव अधिकार, लोक प्रशासन, मनोविज्ञान, विधि, जनस्वास्थ्य, सामुदायिक संसाधन, प्रबंधन के विषय में स्नातकोत्तर डिग्री अथवा उपरोक्त विषयों में स्नातक अंकित होने से द्विभाषी हो जाने से समिति द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार स्नातक को मान्य करते हुए अंक प्रदाय किया गया था। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में समिति द्वारा पुनः निर्णय लिया जाकर प्राप्त आवेदन में से शासन द्वारा निर्धारित शैक्षणिक योग्यता के आधार पर स्नातकोत्तर योग्यताधारी को स्नातकोत्तर तथा स्नातक योग्यताधारी को स्नातक का अंक प्रदाय किये जाने का निर्णय लिया जाकर पात्र अपात्र की सूची तैयार की गई है, शीघ्र ही दावा आपत्ति का निराकरण करते हुए कौशल एवं लिखित परीक्षा आयोजित कर नियुक्ति की कार्यवाही पूर्ण कर ली जाएगी।

### महामृत्युंजय जाप यज्ञ का समापन आज

**मड़वारानी।** आदि शक्ति पर्वतवासनी मां मड़वारानी दाई के मंदिर जाने पहाड़ ऊपर स्थित श्री हनुमान जी की मंदिर में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी महामृत्युंजय जाप यज्ञ का प्रारंभ 11 जुलाई से हुआ हैं तथा 17 जुलाई को यज्ञ का पूजन अभिषेक, हवन, भंडारा का आयोजन किया गया है ,जिसमें जजमान श्रीमती राम संतोष सोनी, श्रीमती सीमा विनोद कुमार साहू है पीठाधीश भागीरथी दुबे एवं सात पंडितों द्वारा संपादित किया जा रहा है। कार्यक्रम को संतोष सोनी व्यस्थापक, अध्यक्ष कन्हैया कंवर, सचिव विनोद कुमार साहू, कोषाध्यक्ष जेठू सिंह सहित समिति के समस्त पदाधिकारी एवं सेवक एवं श्रद्धालु गण भाग ले रहे है। पूजा अर्चना के पश्चात भंडारा प्रसाद का वितरण किया जाएगा एवं वृक्षा रोपण किया जाएगा।

### बासीन की महिलाओं ने की शराब बंदी की मांग

**कोरबा।** शराब से गांव का माहौल खराब हो रहा है। जिसे लेकर श्यांग थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बासीन की महिलाओं ने गांव में अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इसे लेकर महिलाओं ने कलेक्टर को जनदर्शन में ज्ञापन सौंपा है। कलेक्टर को समस्या से अवगत कराया है। महिलाओं ने बताया कि छह माह पहले गांव को शराब मुक्त गांव बनाने को लेकर जनप्रतिनिधियों में सहमति बनी थी, लेकिन अब भी अवैध शराब का कारोबार चल रहा है। इसका गांव के बच्चों पर कुप्रभाव पड़ रहा है। शराब के नशे में कई लोग आपस में विवाद करते हैं। इससे महिलाओं को परेशानी हो रही है। इसका बच्चों के पढ़ाई पर भी असर पड़ रहा है। शाम होने के बाद युवती और महिलाओं को घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। परेशान महिलाओं ने अवैध शराब विक्रेता करने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

### निगम के निविदा प्रक्रिया में भ्रष्टाचार: कृपाराम



**कोरबा।** निगम के टेंडर प्रक्रिया में भ्रष्टाचार का मामला सामने आया है। ई निविदा क्र.168445 वार्ड क्र.14 अमरैय्यापारा अंतर्गत पावर टावर के पास नाला व सीसी सड़क निर्माण कार्य को संदर्भित करते हुए निगम में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ नेता प्रतिपक्ष कृपाराम साहू ने महापौर संजू देवी राजपूत पर निशाना साधते हुए प्रदेश के नगरीय प्रशासन मंत्री एवं जिला के प्रभारी मंत्री अरूण साव को पत्र लिखा है।

# पूर्व गृहमंत्री के खड़े रहने व राज्यपाल के साथ कलेक्टर के बैठे रहने की तस्वीर सामने आने के बाद सियासत गरमाई

**खास बातें**

- विधानसभा अध्यक्ष, पूर्व राजस्व मंत्री व पूर्व गृहमंत्री ने दी प्रतिक्रिया
- पूर्व मंत्री के फेसबुक पर फोटो वायरल होने पर कलेक्टर द्वारा जारी नोटिस का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

राज्यपाल के कोरबा प्रवास के दौरान पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर के खड़े रहने और कलेक्टर के महामहिम के साथ बैठे रहने की तस्वीर सामने आने के बाद सियासत गरमा गई है। इस अवसर की फोटो को पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल द्वारा अपने फेसबुक पेज पर वायरल किए जाने के बाद कलेक्टर द्वारा पूर्व मंत्री को जारी नोटिस को लेकर बुधवार को जहां नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की, वहीं पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने भी प्रेस कांफ्रेंस लेकर कलेक्टर द्वारा जारी नोटिस को अनुचित निरूपित किया है। उधर भाजपा नेता ननकीराम कंवर ने भी कलेक्टर पर प्रोटोकाल उल्लंघन का आरोप मढ़ दिया है।

### पोस्ट डिलिट करने का आदेश देने का अधिकार नहीं: जयसिंह



पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने पत्रकारवार्ता के दौरान कहा कि कलेक्टर को पोस्ट को डिलिट करने का आदेश देने का अधिकार नहीं है। न मैं कलेक्टर का चपरासी हूं और ना ही उनका मातहत अधिकारी हूं कि बड़े अधिकारी द्वारा नोटिस दिया जाए कि इस कार्य को करो अन्यथा सस्पेंड कर दिए जाओगे। मैं लोकसेवक हूं और वे जनसेवक, उनको अपने दायरे में रह कर कार्य करना चाहिए। ननकीराम कंवर अविभाजित मध्यप्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़ राज्य बनने के बाद सरकार में विभिन्न विभाग के मंत्री रहे हैं। वे अंचल के वरिष्ठ आदिवासी नेता भी हैं। कलेक्टर ने जो नोटिस मुझे जारी किया है उसे जारी होने के पहले ही प्रसारित कर दिया गया। दरअसल रायपुर से कुछ मीडिया वालों ने नोटिस के बारे में मुझसे स्पष्टीकरण मांगा तब मुझे इसकी जानकारी हुई। श्री अग्रवाल ने कहा कि मैंने लगातार विभिन्न क्षेत्र का दौरा किया, इस दौरान जो परिस्थिति एवं स्थिति देखी जिसके बाद मैंने आने वाले समय कलेक्ट्रेट का घेराव करने की घोषणा की है। इससे लगता है कि इस बात से उनके मन में कोई न कोई भावना रही होगी, इसलिए उन्होंने नोटिस जारी किया है। कलेक्टर कोई भी हो, वह आएगा अपना काम करेगा, हमको कोरबा में रहना है। ननकीराम कंवर स्वयं बता रहे हैं कि उनका अपमान हुआ अथवा अभिवादन हुआ है। राज्यपाल ने कलेक्टर को कक्ष से बाहर निकलने कहा। फोटो काटकर उसे कुछ मीडिया में प्रसारित किया गया है। कलेक्टर का फोटो एडिट कर के मीडिया में चलाया गया, यह तो उन्होंने किया है हमको लगा कि अंचल के वरिष्ठ नेता ननकीराम कंवर का अपमान हुआ है, तो हमने यह बात सार्वजनिक की।

### कलेक्टर को खुद वापस लेना चाहिए नोटिस: चरणदास



पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को कलेक्टर द्वारा जारी किए गए नोटिस पर नेता प्रतिपक्ष डॉ.चरणदास महंत ने प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि ननकीराम कंवर का जो फोटो वायरल हुआ था उस पर पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल की प्रतिक्रिया गलत नहीं है। श्री महंत ने कहा कि मुझे लगता है कि कलेक्टर थोड़ा आगे बढ़कर काम कर रहे हैं। जयसिंह अग्रवाल को दुख हुआ कि एक वरिष्ठ नेता वो भी भाजपा का नेता जो मुख्यमंत्री के दायरे में आता है, मुख्यमंत्री बनने लायक था, टिकट नहीं मिला यह उनका दुर्भाग्य है, हार गए यह भी उनका दुर्भाग्य है उनको खड़ा रखें और कलेक्टर बैठा रहे।यह किसी के लिए मान्य नहीं है, हम नहीं मानेंगे। जयसिंह ने गलत ढंग से प्रचार नहीं किया, बल्कि जानकारी दी उसके लिए कलेक्टर का यह शब्द मैं कलेक्टर निर्देशित करता हूं कलेक्टर को ऐसे लोगों को निर्देश करने का अधिकार नहीं है, उनको खुद ही अपना लेटर वापस लेना चाहिए।

### कलेक्टर का राज्यपाल के साथ बैठना अनुचित: ननकीराम



पूर्व गृहमंत्री ननकीराम कंवर ने कहा कि वे ज्ञापन देने राज्यपाल के पास गए थे। कलेक्टर का उनके बगल में बैठना अनुचित है। किसी राजनीतिक व्यक्ति से इस तरह की गलती होती है तो स्वाभिक है लोग कमेंट करेंगे, जो किया है सही किया है। श्री कंवर ने कहा कि मैं यह कह सकता हूं कि गलत व्यक्ति को कोरबा का कलेक्टर बनाया गया है। मैं अपने सहयोगियों के साथ मिलने गया था, तो उनका कहना था आप लोगों को क्यों मेरे सामने लाते हो। कलेक्टर का यह बोलना गलत है। मैंने जितनी राजनीति की है, उतनी उन्होंने कलेक्टरी नहीं की है। कलेक्टर द्वारा जयसिंह को नोटिस जारी किए जाने के सवाल पर उन्होंने कहा कि कलेक्टर शासन की छवि धूमिल कर रहे हैं उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए।

### उपचार करने में हो रही परेशानी

मरीज भर्ती वार्ड में पानी छत व दीवाल से टिपक रहा है, बिस्तर व फर्स गिला हो रहा है। इससे पूर्व गर्मी में ब्लास्टिंग से छत का प्लास्टर गिरने की घटना हुई,ऐसे में मरीजों सहित डिलेवरी माता व बच्चों को रखना उनका उपचार करना मुश्किल हो रहा है।

*डॉ युधेश सांडे, सहायक चिकित्सक, पीएचसी हरदीबाजार*

## मामला पांचवीं, आठवीं बोर्ड परीक्षा में पूरक आए छात्रों का

# परिणाम के दो माह बाद पहुंची अंकसूची, पूरक परीक्षा कब होगी अब तक नहीं है कोई निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग 14 साल बाद पांचवीं, आठवीं की ली गई बोर्ड परीक्षा का परिणाम अप्रैल में घोषित होने के बाद उसकी अंकसूची आने में दो माह लग

**खास बात**

- अप्रैल माह में घोषित हुआ परीक्षा परिणाम

गए और परीक्षा परिणाम में जिन छात्रों को पूरक की पात्रता मिली उनकी पूरक परीक्षा कब होगी नए शिक्षण सत्र के शुरु होने के एक माह बाद भी इसके लिए कोई निर्देश जारी नहीं किए गए। छात्र प्रवेश के लिए भटक रहे हैं।

पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षा में बैठे छात्र छात्राओं का परीक्षा परिणाम अप्रैल माह के अंतिम सप्ताह में घोषित किया गया था उसके बाद से अंकसूची के लिए स्कूल प्रबंधन और छात्र छात्राओं को दो माह तक इंतजार करना पड़ा और अब जब अंकसूची मिल गई है तो पूरक आये छात्रों के सामने परीक्षा की स्थिति को लेकर भटकने की स्थिति निर्मित हो गई है।



फाइल फोटो

### पूरक आने वाले छात्रों की संख्या लगभग 7 हजार

पांचवीं आठवीं बोर्ड परीक्षा में पूरक आने वाले छात्रों की संख्या लगभग 7 हजार है। ऐसे छात्रों के सामने परीक्षा को लेकर स्कूल का चक्कर काटने की मजबूरी हो गई है। स्कूल प्रबंधन अपने स्तर पर पांचवीं में पूरक आये छात्रों को छठवीं कक्षा में बैठा रहे हैं। वहीं 8वीं कक्षा में पूरक आने वाले छात्रों को 9वीं कक्षा में बैठाया जा रहा है किंतु जब पूरक परीक्षा की अंकसूची नहीं मिल जाती तब तक ऐसे छात्रों का भविष्य अधर में लटका हुआ है। जबकि पांचवीं और आठवीं बोर्ड परीक्षा के परिणाम में पूरक आने वाले छात्रों की कक्षाएं जून माह में शुरु हो जाती थी।

### अंकसूची में भी मिल रही गड़बड़ियां

केंद्रीयकृत परीक्षा होने के कारण छात्रों के अंकसूची भी स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा राजधानी से जारी की गई है। जब अंकसूची छात्रों को मिली तो उस अंकसूची में जाति, दाखिल खारिज नंबर एवं नाम को लेकर बड़ी संख्या में गलतियां सामने आयी है। उन गलतियों को सुधारने के लिए स्कूल प्रबंधन ने अंकसूची देने के बाद ऐसे छात्रों से अंकसूची वापस ले लिया है जिनकी अंकसूची में गलतियां सामने आयी है। उक्त अंकसूची की गलतियां कब तक सुधरेगी इस संबंध में विभाग के द्वारा स्पष्ट नहीं की गई है। दोनों ही मामलों में छात्र छात्राओं के सामने भटकने के अलावा और कोई चारा सामने नहीं आता।

# प्रतिबंध के बाद भी जलाशयों में हो रहा था मछली का शिकार, विभाग ने की कार्रवाई





कार्यवाही करते अधिकारी एवं जप्त की गई मछली।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मछली पालन विभाग के द्वारा 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्य आखेट पर रोक लगाए जाने के बाद भी कई क्षेत्रों में मछली मारने का काम स्थानीय लोगों के द्वारा किया जा रहा था। जिसकी जानकारी विभाग को मिलने के बाद मंगलवार को विभाग के उड़नदस्ता टीम ने छापेमार कार्यवाही कर जाल और अन्य सामान जब्त किये।

**खास बातें**

- एतमानगर बांगो, हसदेव जैसे बड़े जलाशयों में पहुंची विभाग की टीम
- टीम के पहुंचने पर जाल छोड़कर भागे मछुआरे

ग्रामीण अंचलों के जलाशयों में इस समय बड़े पैमाने पर स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा मछली का शिकार किया जा रहा है और उन्हें लोकल मार्केट में बेधड़क बेचा जा रहा है। जबकि विभाग के द्वारा 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्य आखेट पर प्रतिबंद लगाया गया है उसके बावजूद बेधड़क मछली मारने का काम किया जा रहा है।

### कार्यवाही की गई है

मत्स्य विभाग के द्वारा 16 जून से 15 अगस्त तक मत्स्य आखेट पर प्रतिबंध लगाया गया है। उसके बावजूद कुछ क्षेत्रों में मत्स्य आखेट की जानकारी मिल रही थी जिसके मद्देनजर 15 जुलाई को विभाग के टीम ने ग्रामीणों को मत्स्य आखेट करते हुए पकड़ा है। कुछ सामग्रियां भी जब्त हुई है।

**-केके बघेल,**
सहायक संचालक मत्स्य विभाग

# मेगा शिविर में 81 पात्र हितग्राहियों को वितरण किया गया नौकरी का नामांतरण फार्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित ग्राम रिसदी में भू-विस्थापितों के रोजगार व मुआवजा सहित अन्य प्रकरणों के निराकरण के लिए एसईसीएल व राजस्व विभाग द्वारा संयुक्त रूप से ग्राम रिस्दी में मेगा शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 81 पात्र हितग्राहियों को नौकरी के लिए नामांकन फार्म का वितरण किया गया। साथ ही 160 भूविस्थापितों का मुआवजा व नौकरी संबंधित शपथ पत्र भी तैयार किया गया है।

**खास बातें**

- 160 भूविस्थापितों का नौकरी मुआवजा का शपथ पत्र किया गया तैयार
- एसईसीएल कुसमुंडा खदान से प्रभावित ग्राम रिस्दी में एसईसीएल व राजस्व विभाग ने लगाई शिविर

उल्लेखनीय है कि ग्राम पंचायत खोडरी के आश्रित ग्राम रिसदी का अधिग्रहण एसईसीएल की कुसमुंडा खदान के लिए किया गया है। इस गांव का कोल बेयरिंग एक्ट-1957 के तहत इसका पूर्ण रूप से अर्जन किया जा चुका है। अब इसके डिसेंडिंग आर्डर को स्वीकृति मिल चुकी है। शिविर में इसके अंतर्गत नौकरी के पात्र भूविस्थापितों के मुआवजा प्रक्रिया को पूरा करने व अन्य लंबित प्रकरणों निराकरण किया गया। शिविर में मुख्य रूप से 81 पात्र हितग्राहियों को नौकरी के लिए उनकों नामांकन फार्म का वितरण किया गया। इसके अलावा 160 भूविस्थापितों को नौकरी व मुआवजा के लिए शपथ पत्र तैयार किया गया। इसके अलावा 158 खातेदारों में से 36 खातेदारों के भू-अभिलेख का सुधार कार्य पूरा कर लिया गया है। साथ ही 18 फौती नामांतरण की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान 42 भूविस्थापितों ने फौती नामांतरण के लिए आवेदन भी दिया है। इसी तरह फौती नामांतरण संबंधित प्रकरणों का निराकरण, हितग्राहियों के आवश्यक दस्तावेजों की जांच और उनका सुधार किया गया। साथ ही सभी पात्र भू-विस्थापितों को मुआवजा वितरण संबंधी प्रक्रिया भी पूरी की गई। इस दौरान कटघोरा एसडीएम रोहित सिंह, खोडरी के सरपंच उमा अजय कंवर सहित एसईसीएल के अधिकारी व भूविस्थापित उपस्थित रहे।

# बांकी पालिका में उलझे सांसद प्रतिनिधि और लेखापाल, तीखी बहस के साथ हुई झूमाझटकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर पालिका परिषद बांकीमोंगरा में उस वक्त हड़कंप मच गया जब वहां सांसद प्रतिनिधि और लेखापाल के बीच किसी बात को लेकर तीखी बहस होने लगी। देखते ही देखते नौबल झूमा झटकी तक जा पहुंची। इस दौरान बीच बचाव कर रहे महिला कर्मी व अन्य लोगों ने मामला शांत कराने का प्रयास किया, पर उन्हें सफलता नहीं मिली। इस पूरे घटनाक्रम के दौरान पालिका अध्यक्ष मौजूद नहीं थीं व सीएमओ टीएल मीटिंग में शामिल होने मुख्यालय गई हुई थीं।

**खास बात**

- लेखापाल ने ककहा यहां नेतागिरी मत करो, प्रतिनिधि ने कहा मैं यहीं नतागिरी करूंगा



झूमाझटकी करते लेखापाल व सांसद प्रतिनिधि।

सूत्रों की मानें तो 15 जुलाई को नगर पालिका परिषद का कामकाज सामान्य तरीके से चल रहा था और लोग अपने-अपने टेबल पर काम निपटा रहे थे। इस दौरान एक नागरिक अपने आधार कार्ड में आवश्यक सुधार कार्य कराने के लिए पालिका कार्यालय पहुंचा। चूंकि आधार कार्ड का कार्य करने वाला कर्मचारी नहीं आया हुआ था इसलिए उक्त व्यक्ति द्वारा अपने आधार कार्ड में संशोधन के लिए आवक-जावक टेबल पर बैठे महिला कर्मचारी सुषमा निराला से पावती मांगी गई, जिस पर महिला कर्मचारी ने कहा कि पावती देना संभव नहीं है, आप सीधे आधार केंद्र में जाकर भी सुधार कार्य करा सकते हैं। नागरिक का तर्क था कि बाहर जाने पर 100 रुपए लिया जाता है। महिला कर्मचारी ने उसे स्पष्ट किया कि जो शुल्क निर्धारित किया गया है वह तो लगेगा ही, चाहे आप कार्य कहीं भी कराएं। इस बात पर नागरिक भड़क उठा और कहने लगा कि बिना पैसे लिए कहीं भी काम नहीं होता और पालिका में भी बिना लेन-देन के काम नहीं हो रहा है। इस बात पर ⏭ शेष पेज 3 पर


# एसएनसीयू में अब 12 की जगह मिलेगी 18 बिस्तर की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्व.बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में जल्द ही स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि होने वाली है। स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त प्रस्ताव के आधार पर कलेक्टर अजीत वसंत ने एनटीपीसी को सीएसआर मद से स्वास्थ्य सुविधा हेतु उपकरण और सामग्री के लिए प्रस्ताव प्रेषित किया था। प्रस्ताव प्राप्त होने के पश्चात एनटीपीसी ने

**खास बात**

- मेडिकल कॉलेज में नवजात शिशुओं के उपचार में नहीं आएगी समस्या



फाइल फोटो

मेडिकल कालेज में नवजात शिशुओं के उपचार की सुविधा में वृद्धि के लिए और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोरबा में एक्सरे की सुविधा के लिए एक करोड़ पांच लाख की राशि स्वीकृत की है। उक्त राशि की स्वीकृति से मेडिकल कॉलेज के शिशु रोग विभाग में बिस्तरों की संख्या 12 से बढ़कर 18 हो जाएगी। वहीं पीएचसी कोरबा में पोर्टेबल एक्सरे मशीन की व्यवस्था होने से यहां आने वाले मरीजों को एक्सरे जांच के लिए निजी अस्पताल नहीं जाना पडेग़ा। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी के लिए जिला प्रशासन द्वारा लगातार प्रयास किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में स्वास्थ्य विभाग से मांग आई थी कि स्वर्गीय बिसाहू दास महंत स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के शिशु रोग विभाग में नवजात शिशु ईकाई (एसएनसीयू) में विगत कुछ वर्षों से नवजात शिशुओं की भर्ती में वृद्धि हुई है। जिसकी वजह से बिस्तरों की संख्या कम पड़ रही है। यहां नवजात शिशुओं के उपचार हेतु बिस्तरों की संख्या को 12 से बढ़ाकर 18 करने का प्रस्ताव दिया गया था। ताकि अधिक से अधिक शिशुओं का इलाज हो सके। इसी तरह प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोरबा में मरीजों को एक्स-रे की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भी मांग की गई थी। इसके लिए कुल एक करोड़ पांच लाख की राशि का प्रस्ताव स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिया गया था। कलेक्टर वसंत ने स्वास्थ्य विभाग के प्रस्ताव के आधार पर महाप्रबंधक एनटीपीसी को सीएसआर मद से उक्त राशि स्वीकृति हेतु पत्र लिखा था। कलेक्टर द्वारा प्रेषित पत्र के आधार पर एनटीपीसी द्वारा नवजात शिशु ईकाई में आवश्यक उपकरण और सामग्री तथा पोर्टेबल एक्स-रे के लिए एक करोड़ पांच लाख की राशि की स्वीकृति प्रदान की गई है।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI KORBA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
सेकेण्ड फ्लोर, एस.एस. प्लाजा, पावर हाउस रोड, कोरबा (छ.ग.)
89595-93920 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### 8 किलो गांजा सहित युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिसयुवक को पकड़कर 8 किलो 326 ग्राम गांजा बरामद किया है। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया है। सकरी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली, ओवरब्रिज के नीचे एक युवक गांजा बेचने के लिए ग्राहक का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने मौके पर दबिश देकर मूलतः कोरबा रिसदी हालमुकान तोरवा धान मंडी निवासी भूपेन्द्र पुरी पिता नर्मदा पुरी को पकड़ लिया। बेग की तलाशी लेने पर 8 किलो 326 ग्राम अलग अलग पैकेट में गांजा मिला। पुलिस ने गांजा जब्त कर उसे गिरफ्तार कर लिया है।

### करंट लगने से मजदूर की मौत, मकान मालिक पर जुर्म

**बिलासपुर।** निमार्णाधीन मकान में काम करने के दौरान एक मजदूर की मौत हो गई थी। जांच के बाद पुलिस ने मकान मालिक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सकरी पुलिस के अनुसार, 24 जून 2025 को सुबह 12.50 बजे संतोष सूर्यवंशी पिता मनहरण सूर्यवंशी बहतराई निवासी को राजेन्द्र सूर्यवंशी अपने निर्माणाधीन मकान में सेटरिंग खुलवाने का काम करा रहा था। इसी दौरान उनके मकान के बाजू से गुजरे 11 केवी बिजली तार के चपेट मे आने से संतोष सूर्यवंशी की मौत हो गई थी। पुलिस ने जांच के बाद मकान मालिक राजेन्द्र सूर्यवंशी के खिलाफ धारा 106, 1 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### दुकान से 96 हजार का मोबाइल पार

**बिलासपुर।** ग्राहक बनकर एक युवक मोबाइल दुकान से 96 हजार रुपए का मोबाइल चोरी कर भाग गया। सीसीटीवी कैमरे में चोरी की तस्वीर कैद हो गई है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सैदा रोड घुरू में किराए के मकान में रहने वाले लक्ष्मी राकेश पिता बिसाहू राम श्रीकांत वर्मा मार्ग स्थित क्रोमा इलेक्ट्रानिक शोरूम में डिपार्टमेंट मैनेजर हैं। 15 जुलाई को 6.10 बजे उनके शोरूम में युवक ग्राहक बनकर आया और मोबाइल में किसी से बात कर रहा था। मैनेजर कर्मचारी काम व्यस्त हो गए तब उसने चालाकी से डेमो टेबल में रखा सेमसंग कंपनी का 96 हजार की मोबाइल चोरी कर भाग निकला। कुछ देर बात मैनेजर की नजर गई तो टेबल से मोबाइल गायब मिला। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे का फुटेज खंगाला तो उक्त युवक मोबाइल चोरी कर पेंट में रखकर जाते नजर आ रहा है। मैनेजर की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 303 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है। पुलिस चोरी करने वाले व्यक्ति का सुराग नहीं लगा पाई है।

### धान खरीदी में 54 लाख का गबन, प्रभारी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** पुलिस ने धान खरीदी में 54 लाख 67 हजार 687 रुपए गबन करने वाले खरीदी प्रभारी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं आपरेटर पुलिस पकड़ से बाहर है। ज्ञात हो कि खरीफ वर्ष 2024, 25 में धान खरीदी का कार्य धान खरीदी प्रभारी कृष्ण कुमार करियारे पिता रामजी करियारे एवं समिति कम्प्यूटर आपरेटर सुख सागर जांगड़े धान खरीदी केंद्र रिस्दा के द्वारा धान खरीदी कार्य में अनियमितता कर शासन को क्षति पहुंचाई गई है। पुलिस ने जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित मस्तूरी शाखा के बैंक मैनेजर सुशील पनोरे की रिपोर्ट पर खरीदी प्रभारी कृष्ण कुमार करियारे को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं आपरेटर सुख सागर जांगड़े पुलिस पकड़ से बाहर है।

## सौगात

### दो महीने में काम पूरा करने का दावा, सबसे पहले चार्जिंग प्वाइंट बनाए जाएंगे

# शहर को मिलेगी 50 ई सिटी बस की सौगात, मिली पहली किश्त डेढ़ करोड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहरवासियों को ई सिटी बस सेवा की सौगात दिवाली तक मिल जाएगी। कोनी स्थित सिटी बस डिपो में सब स्टेशन और चार्जिंग प्वाइंट के लिए केंद्र शासन की ओर से पहली किश्त जारी करते हुए डेढ़ करोड़ रुपए दिए गए हैं। इसके साथ ही केंद्रीय टीम ने निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा भी लिया।

- कोनी स्थित सिटी बस डिपो में सब स्टेशन और चार्जिंग प्वाइंट बनाया जा रहा

अधिकारियों के मुताबिक दो महीने में सब स्टेशन निर्माण पूरा होने के बाद शहर में प्रदूषण रहित सिटी बस शुरू होने की संभावना है। दरअसल इलेक्ट्रिक बसों के संचालन और रखरखाव के आवश्यक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए कोनी स्थित सिटी बस डिपो में सब स्टेशन और चार्जिंग सेंटर सहित अन्य आधारभूत कार्य किए जाने हैं। टेंडर प्रक्रिया और वर्क ऑर्डर के बाद सिटी ई बस टर्मिनल कांप्लेक्स काम शुरू किया गया है। सबसे पहले चार्जिंग प्वाइंट बनाए जाएंगे। इसके लिए 2500 केवीए का सब स्टेशन स्थापित किया जाना है और ट्रांसफार्मर लगाए जाने हैं। विद्युत वितरण कंपनी को डेढ़ करोड़ रुपए मिलने के बाद अब काम में तेजी आई है।

#### 13 चार्जिंग प्वाइंट, वेटिंग रूम और वर्कशॉप बनेंगे

गौरतलब है कि सिटी बस डिपो में कुल साढ़े 5 एकड़ एरिया में इलेक्ट्रिक बसों के हिसाब से टर्मिनल कांप्लेक्स तैयार किया जा रहा है। यहां 13 चार्जिंग प्वाइंट, यात्री प्रतीक्षालय, वर्कशॉप ऑफिस, पार्किंग एरिया, ग्रीन एरिया तैयार किया जा रहा है। सिटी बस डिपो के सिविल इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए केंद्रांश 5 करोड़ 2 लाख, राज्यांश 3 करोड़ 35 लाख और पावर इंफास्ट्रक्चर के लिए 3 करोड़ 8 लाख मिलाकर कुल 11 करोड़ 45 लाख की नोडल एजेंसी सूडा द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

#### शहर को मिलेंगी प्रदूषण मुक्त बसें

गौरतलब है कि योजना के तहत बिलासपुर में कुल 50 ई-बसें चलेंगी। पहले चरण में 9 मीटर लंबी 35 एसी बसों का संचालन होगा। प्रत्येक बस में 27 यात्री बैठकर और 15 यात्री खड़े होकर यात्रा कर सकेंगे। सब स्टेशन के लिए इलेक्ट्रिकल कार्य का 2 करोड़ का ठेका नरेंद्र चित्रकार को और सिविल वर्क का 6 करोड़ का ठेका अविनाश बिल्डकॉन को दिया गया है।



#### केंद्र की ओर से दिए गए हैं रुपए

कोनी स्थित सिटी बस डिपो में सब स्टेशन और चार्जिंग प्वाइंट के लिए केंद्र शासन की ओर से डेढ़ करोड़ रुपए दिए गए हैं। दो महीने में सब स्टेशन निर्माण पूरा होने के बाद शहर में प्रदूषण रहित सिटी बस शुरू होने की संभावना है। इसके लिए 2500 केवीए के विद्युत सब स्टेशन का काम पहले पूरा कराया जाएगा। चार्जिंग प्वाइंट के बिना बस सेवा शुरू करना संभव नहीं है।

- अनुपम तिवारी, नोडल अधिकारी सिटी बस

#### टर्मिनल और पावर इंफ्रास्ट्रक्चर होगा तैयार

निगम द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राज्य स्तर पर सूडा नोडल एजेंसी है और शहरी स्तर पर जिला अर्बन सोसायटी इसका संचालन करेगी। जिला अर्बन सोसायटी बिलासपुर द्वारा ड्राइंग डिजाइन और नक्शा तैयार कर लिया गया है। उल्लेखनीय है कि पीएम ई बस सेवा के तहत बिलासपुर को 50 बस मिलनी हैं। ई बसों मिलने से पहले स्थानीय स्तर पर इलेक्ट्रिक बसों के लिए टर्मिनल और पावर इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने की आवश्यकता है। इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार द्वारा संयुक्त रूप से वित्तीय सहायता दी जा रही है। अधिकारियों के मुताबिक ई-बस के वजन के हिसाब से पूरा स्टैंड बनाया जा रहा है। बस का रूट और किराया बिलासपुर पब्लिक सर्विस सोसायटी तय करेगी।

## अतिक्रमण और कंस्ट्रक्शन वेस्ट के खिलाफ अभियान

# 197 लोगों पर 3 लाख का जुर्माना 200 से अधिक कब्जे हटाए गए

*सभी जोन में कार्रवाई, आगे भी जारी रहेगा अभियान*

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर


नगर पालिक निगम बिलासपुर ने आज पूरे शहर में फुटपाथ और सड़क पर किए गए अतिक्रमण और सड़क पर रखें कंस्ट्रक्शन मटैरियल के खिलाफ अभियान चलाया। इस दौरान सभी 8 जोन में एक साथ कार्रवाई की गई। चलाए गए अभियान में 200 से अधिक स्थानों पर कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण को हटाया गया और 197 अतिक्रमणकारियों से 2,99,700 रुपए जुर्माना वसूला गया और अन्य का सामान जब्त किया गया।

- फुटपाथ और सड़क में कब्जे से ट्रैफिक हो रहा बाधित

दरअसल दुकानों में नाम लिखे हुए बोर्ड और सामानों को फुटपाथ और बीच सड़क पर रख देते है जिससे पैदल आने जाने वालों को परेशानी और ट्रैफिक में व्यवधान उत्पन्न होता है, इसके अलावा भवन निर्माण के दौरान मटेरियल को बीच सड़क पर डंप किया जा रहा था। निगम कमिश्नर अमित कुमार के निर्देश पर निगम ने इस पर सख्त कार्रवाई करते हुए आज पूरे शहर में एक साथ अभियान छेड़ा और 200 से अधिक अतिक्रमण को हटाया गया। इसके अलावा सड़कों पर रखें सी एंड डी वेस्ट के खिलाफ भी कार्रवाई की गई। भवन मालिकों के ऊपर जुर्माना लगाया गया और मटैरियल को जब्त किया गया है।



मुंगेली नाका दाऊ मेडिकल के सामने लगी भीड़।



#### लगातार चल रहा अभियान

नगर निगम शहर की सड़कों और फुटपाथ को अतिक्रमण से मुक्त कराने के साथ ही स्वच्छता को लेकर लगातार अभियान चला रहा है। रोजाना ऐसे दुकानदार जो अपना सामान फुटपाथ और सड़क पर रखते हैं उनके खिलाफ भी कार्रवाई की जा रही है। इसी तरह सड़क पर ठेला गुमटी लगाने वालों को भी हटाया जा रहा है। सभी जोन और अधीनस्थ अधिकारियों को निर्देशित किया है की किसी भी सूरत में फूटपाथ और सड़क पर अतिक्रमण ना हों। कार्रवाई के साथ साथ निगम द्वारा दुकानदारों को समझाइश भी दी जा रही है।

- अमित कुमार, निगम आयुक्त

#### मुंगेली नाका में विवाद और हंगामा

इस दौरान मुंगेली नाका चौक में दाउ मेडिकल के सामने जमकर हंगामा मचा। कब्जा हटाने पहुंचे निगम अमले से विवाद और गाली गलौच तक की गई। मेडिकल दुकान संचालक ने सड़क पर बोर्ड लगा दिया था। निगम ने इसकी जब्ती बनाई और सामान हटाने कहा तो दुकान संचालक विरोध करने लगा। इस दौरान बात बढ़ी तो मामला गाली गलौच तक पहुंच गया। निगम की सख्ती के बाद दुकान संचालक शांत हुआ। निगम ने एक हजार की पेनाल्टी लगाई है।

### लिंगियाडीह में निगम के पीएम आवास के लिए सर्वे से मचा बवाल



लिंगियाडीह में पीएम आवास के लिए सर्वे करने पहुंचे निगम अमले का स्थानीय निवासियों ने घेराव कर दिया। एक बार फिर से तोड़फोड और जगह से हटाने से आशंकित लोगों ने सर्वे का विरोध भी किया। फिलहाल सर्वे टीम वापस लौट गई है तो वार्ड नंबर 50 और 52 के पाषर्दों के बीच जुबानी जंग शुरू हो गई। एक तरफ लोगों ने वार्ड 50 के भाजपा पार्षद पर गुमराह करने का आरोप लगाया तो वार्ड क्रमांक 52 के पार्षद पर अपनी जिम्मेदारी से भागने आरोप लगाया।

- एक बार फिर से तोड़फोड और जगह से हटाने का विरोध भी
- वार्ड नंबर 50 और 52 के पाषर्दों के बीच जुबानी जंग शुरू

दरअसल क्षेत्र में लोगों के द्वारा लंबे समय से पीएम आवास की मांग की जा रही है। इसके लिए निगम की सर्वे करने एक बार फिर लिंगियाडीह पहुंची। अमले ने वहां के रहवासियों से आधार कार्ड मांगा, चूंकि ज्यादातर घरों के लोग अपने रोजी- रोजगार में निकल गए कुछ ने आधार दिया कुछ ने नही। पूछने पर अमले के किसी कर्मचारी ने कहा दिया कि वार्ड पार्षद जय वाधवानी से पूछिए तब से बवाल मचा है। वार्ड की महिलाएं और पुरुष वार्ड नंबर 50 के पार्षद जय वाधवानी के घर पहुँच गए। जब वे नहीं मिले तो आक्रोशित नागरिकों ने उन पर बिल्डरों के पक्ष में काम करने का आरोप लगा दिया। हालांकि वार्ड पार्षद ने कहा कि वे लोगों के हित के लिए काम करने हमेशा तैयार हैं। वार्ड क्रमांक 52 के पार्षद दिलीप पाटिल ने बताया कि जहां सर्वे हो रहा है वह लिंगियाडीह का ही क्षेत्र है लेकिन परिसीमन के बाद वह कटकर वार्ड क्रमांक 50 में शामिल हो गया है। दूसरी ओर लोगों का कहना है कि बरसात में एक बार फिर निगम घर से बेघर करने पर तुला है। स्थानीय लोगों ने इसका विरोध किया है।

### दस खसरा नंबरों के चक्कर में पूरे बोदरी गांव की जमीन खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध

**बिलासपुर।** अंडर ब्रिज निर्माण के दौरान भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में असली भू स्वामी के बजाए बिचौलियों की एंट्री रोकने रेल्वे द्वारा शासन से बोदरी में जमीन की खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित करने की मांग की गई थी। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर द्वारा बीते दिनों बोदरी की दस खसरा नंबर की जमीनों की खरीद-बिक्री प्रतिबंधित की गई थी। इसके विपरीत पूरे गांव में ही जमीन की खरीदी-बिक्री पर रोक लगा दी गई। इस आदेश से आम किसान हलाकान हैं।

- बिचौलियों से बचने की थी जमीन खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध लगाने की मांग

दाधापारा रेलवे फाटक के पास प्रस्तावित अंडर ब्रिज पहुंच मार्ग निर्माण के लिए भूमि का अधिग्रहण करने बोदरी के कुछ खसरा नंबर की जमीनों की खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित की गई थी। भूमि के अधिग्रहण से पूर्व बिचौलियों से बचने के लिए रेल्वे प्रशासन द्वारा शासन से इस क्षेत्र में भूमि की खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित करने की मांग की गई थी। शासन के निर्देशानुसार बीते दिनों कलेक्टर द्वारा बोदरी तहसील अंतर्गत बोदरी गांव के महल नंबर तीन के छह खसरा नंबरों जिनमें 132/1, 132/2, 133/1, 133/2, 134/2 एवं 134/3 के अलावा महल नंबर पांच के चार खसरा नंबरों जिनमें 158/1, 159, 160 एवं खसरा नंबर 161 की खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया था। कलेक्टर द्वारा दिनांक 8 जुलाई 2025 को जारी उक्त आदेश में स्पष्ट उल्लेखित है कि खरीदी-बिक्री सिर्फ उपरोक्त दस खसरा नंबरों की ही प्रतिबंधित की गई है। इसके विपरीत बोदरी तहसील में पूरे बोदरी गांव की जमीन की खरीदी व बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इसके चलते अन्य खसरा नंबरों की जमीन के मालिक किसान भी अपनी जमीनों की खरीदी-बिक्री नहीं कर पा रहे हैं।

#### रजिस्ट्री नहीं होने से शासन को भी राजस्व का नुकसान

बोदरी तहसील में बोदरी गांव की जमीनों की खरीदी-बिक्री पर प्रतिबंध लगाने के कारण रजिस्ट्री पर भी रोक लग गई है। ऐसी दशा में शासन को भी राजस्व की हानि हो रही है। इस संबंध में रजिस्ट्री विभाग के अधिकारियों का कहना है कि उक्त गांवों की जमीन की रजिस्ट्री पर बीते हफ्ते-दस दिन से ही प्रतिबंध लगा है।

#### जमीनों का चिन्हांकन हो चुका है

अंडर ब्रिज पहुंच मार्ग के लिए जिन खसरा नंबरों की जमीन चाहिए उसकी विस्तृत जानकारी रेलवे द्वारा नहीं दी गई थी। इसीलिए सावधानी के तौर पर खरीदी-बिक्री प्रतिबंधित की गई थी। अब अधिग्रहित की जाने वाली जमीनों का चिन्हांकन किया जा चुका है, जिससे सिर्फ उन्हीं पर प्रतिबंध रहेगा। शेष जमीनों की खरीदी-बिक्री की जा सकेगी।

- संजय अग्रवाल, कलेक्टर

#### संशोधन आदेश मिल गया है

कोई कंफ्यूजन की स्थिति निर्मित होने के कारण पूरे गांव की जमीन की रजिस्ट्री प्रतिबंधित कर दी गई होगी। कलेक्टर से संशोधन आदेश प्राप्त हुआ है, जिससे अब स्थिति सामान्य हो जाएगी। बारिश का मौसम है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों से रजिस्ट्री अपेक्षाकृत कम ही होती है। शासन को इस दौरान राजस्व का नुकसान नहीं हुआ है। बोदरी तहसील अंतर्गत रेल्वे द्वारा दाधापारा रेल्वे फाटक में अंडर ब्रिज पहुंच मार्ग का निर्माण किया जाना है। इसके लिए रेल्वे को कुछ भूमि का अधिग्रहण करना है।

-आरके स्वर्णकार, जिला पंजीयक रजिस्ट्री विभाग

### रेडियोलॉजिस्ट की कमी से जूझ रहा सिम्स

**बिलासपुर।** सिम्स के रेडियोलॉजी विभाग में डाक्टरों की कमी और सोनोग्राफी जांच की पेंडेंसी के कारण अब मरीजों को जांच के लिए निजी डाग्नोसटिक सेंटर की शरण लेनी पड़ रही है। नर्सों के द्वारा मरीजों को सीधे निजी जांच सेंटर में भेजा जा रहा है।

- सोनोग्राफी में पेंडेंसी, मरीजों को जांच के लिए जाना पड़ रहा है निजी सेंटर

पिछले सप्ताह शिवरीनारायण से इलाज कराने आए नागमणि को पेट में दर्द की शिकायत थी, वह कई दिनों से सिम्स में भर्ती थी, इस दौरान उसे आईसीयू में रखा गया लेकिन पिछले हफ्ते शनिवार की शाम को उसे जनरल वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया। रविवार को रेडियोलॉजी विभाग में डाक्टरों की छुट्टी थी। वहीं वार्ड के नर्स और डाक्टरों ने सोनोग्राफी में पेंडेंसी बता मरीज को सीधे निजी सेंटर से सोनोग्राफी कराने के लिए कह दिया गया। रविवार सुबह 10.30 बजे परिजनों के द्वारा सिम्स के सामने ओम डाग्नोस्टिक सेंटर में सोनोग्राफी कराया गया। इस प्रकार कामता साहू को भी डाक्टरों ने कहा कि यहां महज इमरजेंसी का ही सोनोग्राफी किया जा सकता है, ऐसे में उसके बेटे ने उधार में रूपए लेकर अपनी मां का सोनोग्राफी कराया। दोनों की मामले से एक बात सामने आती है कि सिम्स की लचर व्यवस्था अभी भी लोगों को जांच के लिए निजी अस्पतालों तक पहुंचा रही है, जिसके चलते मरीजों को आर्थिक जोखिम उठाना पड़ रहा है।



#### डाक्टर की कमी रिपोर्ट पेंडिंग

बताया जा रहा है कि रेडियोलॉजी विभाग एक प्रोफेसर के भरोसे चल रहा है। बॉड के डाक्टरों की पोस्टिंग राज्य सरकार द्वारा नहीं की गई है, प्रबंधन संविदा तौर पर डाक्टर की व्यवस्था भी नहीं कर पाया है, जिसके चलते सोनोग्राफी, एमआरआई, एक्सरे, सीटी स्केन जैसी सुविधाएं होने के बाद भी मरीजों को पर्याप्त इलाज नहीं मिल रहा है। दरअसल डाक्टर की कमी के चलते जांच होने के बाद भी रिपोर्ट नहीं मिल रही है, ऐसे में मरीजों को तत्काल रिपोर्ट की जरूरत होने पर जांच कराना समय और रूपए दोनों की बर्बादी नजर आती है।

### शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का लालच देकर नर्स से 19 लाख की ठगी

**बिलासपुर।** शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने का लालच देकर नर्स से 18 लाख 74 हजार की आनलाइन ठगी कर ली गई है। पुलिस साइबर सेल के सहयोग से मामले की जांच में जुट गई है।

बिल्हा टीआई उमेश साहू ने बताया, क्षेत्र में रहने वाली एक नर्स के पास अनजान मोबाइल नम्बर से फोन आया। उन्हें शेयर ट्रेडिंग में इन्वेस्ट करने पर मोटी रकम मुनाफा कमाने का लालच दिया गया है। मोटी रकम मुनाफा कमाने में लालच में आ गई। उसके बाद उन्हें वाट्सएप ग्रुप में जोड़ लिया गया है। नर्स में अलग अलग किश्तों में 18 लाख 74 हजार रुपए इन्वेस्ट करते हुए बताए गए बैंक खाते में जमा कर दिया। उन्हें वाट्सएप में बताया जाता था, उन्हें कितना मुनाफा हुआ है। उन्होंने मुनाफा की राशि लेने के लिए मोबाइल नम्बर में संपर्क की तो घुमाने लगे। उसके बाद उन्हें आनलाइन ठगी के शिकार होने का अहसास हुआ। पुलिस ने नर्स की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारकों के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4, 66 घ, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### 9 बदमाश पकड़े गए, अवैध शराब, हथियार जब्त

**बिलासपुर।** हत्या की वारदात के बाद सिविल लाइन पुलिस ने बीती रात अपराध के गढ़ जरहाभाठा मिनीबस्ती में किला बंदी कर चिन्हांकित कर दर्जनों मकानों में दबिश देकर जांच की गई है। पुलिस की कार्रवाई से बस्ती में हड़कंप मच गया। पुलिस ने 9 बदमाशों को पकड़कर उनके पास से अवैध शराब, चाकू, चापड़ बरामद किया गया है।

रविवार को जरहाभाठा मिनीबस्ती में एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई थी। उसके बाद हमलावर के मकान में आग लगा दी गई थी, जिससे तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हो गई थी। एसएसपी रजनेश सिंह के निर्देश पर 15 जुलाई की रात 12 बजे के बाद सीएसपी निमितेश सिंह परिहार के नेतृत्व में टीआई एसआर साहू थाने के बल के साथ मिनीबस्ती में किलाबंदी करते हुए दर्जनों बदमाशों के मकानों में दबिश दी। मकानों की तलाशी लेने पर एक मकान में भारी मात्रा में अवैध शराब मिली। वहीं कई बदमाशों के घर में अवैध हथियार चाकू, चापड़ बरामद किया गया है। पुलिस ने विभिन्न धाराओं 25, 27 आर्म्स एक्ट, आबकारी एक्ट, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता बीएनएस की धारा 170, 126, 135, 3 और 129 के तहत 9 बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। इसमें से कई आरोपी पूर्व में डकैती, चाकूबाजी, हत्या के प्रयास जैसे गंभीर मामले में शामिल रहे हैं। पुलिस की कार्रवाई से मिनीबस्ती में हड़कंप मचा हुआ है।




#### बदमाशों के घरों में एसी

महाराणाप्रताप चौक के शासकीय भूमि में जरहाभाठा मिनीबस्ती बसी हुई है। यहां रहने वाले अधिकांश लोग रोजी मजदूरी कर जीवनयापन करते हैं। पुलिस ने एक बदमाश के घर में दबिश दी तो उसके घर में एसी लगा मिला, यहां रहने वाले अधिकांश बदमाश महंगी कारों में चलते हैं।



### इंस्टाग्राम में दोस्ती कर अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी

**बिलासपुर।** शहर की एक युवती को इंस्टाग्राम में यूपी के युवक से दोस्ती महंगी पड़ गई। युवक ने वीडियो कालिंग कर बातों में फंसा लिया और अश्लील वीडियो बना लिया। अब युवक युवती को यूपी मिलने के आने के लिए दबाव बना रहा है। मना करने पर वीडियो वायरल करने की धमकी देकर ब्लैकमेलिंग कर रहा है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

सकरी टीआई प्रदीप आर्या ने बताया, क्षेत्र की रहने वाली एक 18 वर्षीय युवती की इंस्टाग्राम में यूपी के एक युवक से दोस्ती हो गई। उसके बाद दोनों इंस्टाग्राम में चेटिंग करने लगे। चेटिंग के दौरान युवक अपनी बातों में फंसाकर युवती से उसका मोबाइल नम्बर ले लिया। उसके बाद युवक वीडियो कालिंग कर बात करने लगा। इस दौरान युवक ने युवती का अश्लील वीडियो बना लिया। अब युवक युवती को फोन कर यूपी उससे मिलने आने के लिए लगातार दबाव बना रहा है। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर अज्ञात मोबाइलधारक के खिलाफ बीएनएस की धारा 308, 79 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### कोरोना काल में बंद की गई 13 लोकल आज से वापस पटरी पर

**बिलासपुर।** कोरोना काल के दौरान 13 बंद की गई लोकल ट्रेनें वापस पटरी पर दौड़ने लगी हैं, जिसके लिए रेलवे बोर्ड के आदेश पर एसईसीआर मुख्यालय के अफसरों ने नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। इन 13 ट्रेनों के पांच साल बाद बुधवार से वापस पटरी पर चलने से हजारों की संख्या में छोटे स्टेशन तक सफर करने वाले यात्रियों को काफी राहत मिलेगी।

रेल प्रशासन ने कोरोना महामारी के दौरान सभी एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों के साथ लोकल ट्रेनों को भी पूरी तरह से बंद कर दिया था। इसके कारण लाखों, करोड़ों की संख्या में उन यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा, जो शहर से बाहर गए हुए थे। कोरोना महामारी और लॉक डाउन की वजह से उन यात्रियों को ट्रेनों के वापस पटरी पर आने का इंतजार लंबे समय तक करना पड़ा। यात्री ट्रेनों के पहियों को रोककर रेलवे ने केवल मालगाड़ियों का परिचालन किया, ताकि किसी भी स्थान पर खाने-पीने और बिजली की समस्या न हो।

## खबर संक्षेप



### अंतरराष्ट्रीय युवा कौशल दिवस का हुआ आयोजन

**कोरबा।** शास.कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को अंतरराष्ट्रीय युवा कौशल दिवस के उपलक्ष में व्यावसायिक शिक्षा के अंतर्गत संचालित रिटेल ट्रेड एवं आईटीट्रेड की छात्राओं द्वारा आयोजन किया गया। इस अवसर पर अतिथिगण के रूप में रिटेल क्षेत्र के प्लेयर्स कंपनी के प्रतिनिधि के तौर पर राहुल ठाकुर, अंकित सिंह, मो.इरशाद, हरीश प्रसाद शर्मा, मुस्तकीम कुरैशी, आकाश यादव एवं आईटी क्षेत्र से जुनैद, गुनगुन केसरवानी, रंजिता पात्रा और सोनल उपस्थित रहे। रिटेल क्षेत्र के कार्य अनुभव एवं आवश्यक कौशलों पर चर्चा की गई। कौशल दिवस पर भाषण, लघु नाटक एवं क्विज प्रतियोगिता कराई गई जिसमें छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में पूर्व छात्राओं को एससी सर्टिफिकेट का वितरण किया गया। संस्था प्रमुख रणधीर सिंह एवं व्यावसायिक प्रशिक्षिका सुमिता चौधरी एवं आईटी ट्रेनर अनील शर्मा, व्याख्याता रेणुका लदेर एवं सविता पाठक के मार्गदर्शन में कौशल दिवस का आयोजन किया गया।

### अभा मारवाड़ी मंच के बैनर तले 30 लोगों ने नेत्रदान का लिया संकल्प



**कोरबा।** अखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच के बैनर तले एक ही परिवार के 30 लोगों ने नेत्रदान का संकल्प लिया। आखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच के द्वारा सेठ गुरूमुख राय सेवा सकल्प द्वारा एक कार्यक्रम का अयोजन होटल गणेश इन में अयोजित किया गया। जिसमें बसना से पहुंचे राष्ट्रीय स्वस्थ भारत फोरम की वाइस चेयरमैन श्रीमती रीना अग्रवाल ने कहा कि नेत्रदान से दूसरे के जीवन में उजियारा लाया जा सकता है। बहुत लोग अंधविश्वास के चलते नेत्रदान या अंगदान नहीं करते हैं लेकिन देश के कल्याण के लिए दान करना चाहिए। प्रांतीय निदेशक श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने अपील किया कि और भी लोग इस नेक कार्य में आगे आकर सहयोग करें। आखिल भारतीय मारवाडी युवा मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर सुल्तानिया ने कहा कि नेत्रदान एक महान दान है। गोयल परिवार ने समाज सेवा में एक महत्वपूर्ण योगदान देते हुए अपने दादा स्व. गुरुमुख राय की पुण्यतिथि के दिन एक ही परिवार से 30 लोगों ने नेत्रदान का महान संकल्प लिया है, नेत्रदान से हम दूसरे के जीवन में रोशनी भरते है हमारे बाद भी हमारी आंखे किसी और के जीवन में एक नया सवेरा लेकर आती है।

### पांच माह से दिव्यांग काट रहा विभाग का चक्कर



**कोरबा।** उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन का अनुमोदन लेटर का कितना महत्व है, इसका अंदाजा कोई नहीं लगा सकता है लेकिन जिले के आलाधिकारी इस लेटर को नहीं मनाते हैं। जिसका सीधा उदाहरण जनदर्शन में देखने को मिला है। मामला है आदीवासी विभाग का है। जो करतला ब्लॉक के ग्राम पंचायत गिधौरी के एक दिव्यांग ने 50 सीटर छात्रावास में चपरासी पद के लिए मंत्री लखनलाल देवांगन के पास अर्जी लेकर पहुंचा था। जो विषम परिस्थितियों को देखते हुए मंत्री देवांगन ने अपने हाथों से लिखकर आदीवासी विभाग के सहायक आयुक्त श्रीकांत कसेर से मिलने की बात कही। मंत्री से आश्वासन मिलने के बाद जब दिव्यांग दिलदार सिंह कंवर सहायक आयुक्त से मिले तो इन्होंने उल्टा जवाब देते हुए कहा कि पहले आपको सहारे की जरूरत है तो आपको कहा से नौकरी दे। अधिकारी की इस बात को सुनकर इन्हें बहुत आहत पहुंचा। फिर भी अपनी आस को लेकर जनदर्शन में कलेक्टर अजीत वसंत से मिले और अपनी समस्या बतायी। ऐसा नहीं है कि दिलदार सिंह पढ़ा लिखा नहीं है, ये ग्रेजुएट और राज्य स्तरीय खेल प्रतिभागी खिलाड़ी भी हैं लेकिन गरीबी की आड़ और परिवार की जिम्मेदारी ने हर कामों को करना दिलदार सिंह की मजबूरी हो गई है।

## आदिवासी सहकारी समिति सोनपुरी में 13सौ किसानों में से 7 सौ किसानों ने लिया खाद

# कहीं पर्याप्त खाद का भंडारण तो कहीं बना हुआ है संकट, किसान लौट रहे बैरंग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

किसानों को खाद की किल्लत की सूचनाओं के बीच खरीफ सीजन की खेती किसानी के बीच सहकारी समितियों में खाद भंडारण को लेकर ग्रामीण अंचलों से जिस तरह से जानकारी सामने आ रही है उसके अनुसार किसान कुछ समितियों खाद का पर्याप्त भंडारण है तो कुछ समितियों में संकट की स्थिति बनी हुई है।

शहर के कुछ दूरी पर स्थित आदिवासी सहकारी समिति सोनपुरी में 13 सौ किसानों में से 7 सौ किसानों ने खाद प्राप्त कर लिया है। इस केंद्र में खाद की किल्लत जैसी स्थिति देखने को नहीं मिली। यहां कुछ किसान भी मिले, जिन्होंने बताया की जरूरत के मुताबिक खाद दिया गया है। कुछ केंद्र अब भी ऐसे हैं, जहां पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण नहीं है। कृषि विभाग अब तक लक्ष्य की तुलना में लगभग 50 फिसदी खाद का ही भंडारण कर सका है। सभी किसान खाद का उपयोग नहीं करते हैं जिसके कारण कई केंद्रों में अभी खाद रखा हुआ है। सहकारी समिति सोनपुरी के प्रबंधक बरत राम साहू ने बताया कि समिति पहले ही मांग पत्र विभाग को दे दिया था। जिसके कारण हमारे यहां समय से भंडारण हो चुका है। समिति में कुल 13 सौ किसान पंजीकृत हैं. इसमें से लगभग 7 सौ किसानों ने खाद ले लिया है। इस वर्ष खरीफ सीजन के लिए कृषि विभाग ने कुल मिलाकर 1 लाख 37 हजार 360 हेक्टेयर खेत में खरीफ फसल उगाने का लक्ष्य तय किया है। अलग-अलग प्रकार के अनाज का रकबा 1 लाख 4 हजार 40 हेक्टेयर है जिसमें मक्का कोदो, कुटकी ज्वार शामिल है। जबकि दलहन के लिए 13 हजार 580 हेक्टेयर रकबा में खेती का लक्ष्य रखा गया है। जिसमें अरहर, मूंग, उड़द और कुलथी जैसी फसल शामिल हैं। तिलहन के लिए 4400 हेक्टेयर खेती का रकबा लक्ष्य के तौर पर शामिल किया गया है. जिसमें मूंगफली, तिल, रामतिल शामिल है।


फाइल फोटो

### खाद भंडारण का प्रतिशत

कृषि विभाग के पास 50 फीसदी खाद का भंडारण है। कृषि विभाग ने इस वर्ष निजी और सरकारी को मिलाकर कुल 20 हजार 637 मीट्रिक टन खाद के भंडारण का लक्ष्य तय किया है। अब तक 9 हजार 783 मीट्रिक टन खाद का ही भंडारण हो सका है। भंडारण का प्रतिशत काफी कम है। जिन समितियों ने मांग पत्र देरी से भेजा, वहां भंडारण काम हुआ है जबकि ज्यादातर समितियों में लक्ष्य के मुताबिक भंडारण किया जा चुका है। कृषि विभाग ने इस वर्ष भी यूरिया, डीएपी, एमओपी, एसएसपी और एनपीके जैसे खाद किसानों के लिए भंडारित करने का लक्ष्य रखा है।

# नपा उपाध्यक्ष ने मड़वाढोढ़ा स्कूल व आंगनबाड़ी केंद्र का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बांकीमोंगरा

नगर पालिका के उपाध्यक्ष गायत्री कंवर ने बांकीमोंगरा स्थित मड़वाढोढ़ा मिडिल स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्र का औपचारिक निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने स्कूल के बच्चों को ड्रेस और किताबों का वितरण किया। इसके साथ ही आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के नाश्ते और भोजन का निरीक्षण भी किया।

इस कार्यक्रम में उपाध्यक्ष गायत्री कंवर के साथ विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी नेता और भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश मंत्री गोवर्धन सिंह कंवर, शिक्षाशास्त्री देवनाथ और कई शिक्षक-शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहे। गायत्री कंवर ने बच्चों को बेहतर शिक्षा और पोषण की दिशा में किए गए प्रयासों की सराहना की। उन्होंने आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों को गुणवत्तापूर्ण नाश्ता और भोजन देने पर बल दिया और यह सुनिश्चित करने के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस दिशा में कोई कमी न रहे। विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी नेता गोवर्धन सिंह कंवर ने भी अपने सम्बोधन में शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में निरंतर सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि बच्चों के भविष्य के लिए सही पोषण और शिक्षा बेहद महत्वपूर्ण हैं। इस अवसर पर उपस्थित शिक्षकों ने स्कूल की सुविधाओं और विद्यार्थियों की संख्या में वृद्धि के लिए उपाध्यक्ष और अन्य नेताओं का धन्यवाद किया। इस निरीक्षण से क्षेत्रीय जनता में आशा का संचार हुआ और उन्होंने सरकारी योजनाओं को बेहतर तरीके से लागू करने की आवश्यकता को महसूस किया।

# एक तरफ बारिश के मौसम में बढ़ा मच्छरों का प्रकोप तो दूसरी ओर बिजली की आंखमिचौली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों की बिजली समस्या कम होने का नाम ही नहीं ले रही है। कटौती कभी फाल्ट के नाम पर तो कभी बारिश के नाम पर हो रही है। बिजली के जिस नखरे ने लोगों को हलाकान कर रखा है। विदित हो कि विद्युत विभाग द्वारा बारिश पूर्व मेंटनेंस के नाम पर बिजली प्रदाय अवरुद्ध किया जाता रहा और लाखों की राशि खर्च की गई लेकिन गर्मी तो गर्मी ऐन बरसात के मौसम में भी आए दिन हो रहे फाल्ट ने मेंटनेंस कार्य की पोल खोल दी है। जहां हल्की बारिश में ही बिजली सप्लाई अवरुद्ध कर दी जाती है।

ग्रामीण क्षेत्रों में हालात तो काफी बुरी है तथा एक बार बिजली गई तो कई- कई दिनों तक दर्शन ही दुर्लभ हो जाते है। यह हालात वनांचल देहातों में रात के समय जमीन पर रेंगने वाले जहरीले जीव- जंतु से खतरे को और भी बढ़ा देते है। विद्युत विभाग की इस मनमानी से परेशान लोगों का कहना है कि जब ठंडी और गर्मी के मौसम में मेंटनेंस कार्य किया गया तो वर्तमान बारिश के दिनों में बार- बार बिजली गुल की समस्या से आखिर छुटकारा क्यों नही मिल पा रहा है। सबसे ज्यादा समस्या रात के समय होती है, जब सोते समय बिजली गुल हो जाती है। क्योंकि बरसात का मौसम होने से जगह-जगह जल भराव हो गया है। इससे मच्छर व अन्य कीट पैदा हो गए है। रात्रि में बिजली बंद हो जाने से पंखे, कूलर नही चल पाते और मच्छर, मक्खी व अन्य कीट परेशान करते है। सबसे अधिक परेशानी बच्चों को होती है। जिन्हें जलजनित कीटों के काटने से वायरल, फोड़े- फुंसी व अन्य रोग हो रहे है। ऐसे में एक तरफ बारिश के मौसम में मच्छरों के प्रकोप तो दूसरी तरफ धूप- छांव के बीच उमस भरी गर्मी में बिजली न होने से लोगों की आफत दोगुनी कर आग में घी डालने का काम हो रहा है। बिना बिजली के रात में लोग चैन की नींद नही सो पा रहे है। विभागीय अधिकारी- कर्मचारी इतने लापरवाह है कि उन्हें जनता की तकलीफों से कोई सरोकार नही और जब जी चाहे फाल्ट- सुधार के नाम पर बिजली बंद कर दी जाती है। इससे विद्युत विभाग के प्रति लोगों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है। बिजली विभाग की इस मनमानी को लेकर किसी दिन ऐसा न हो कि उपभोक्ताओं का गुस्सा ज्वालामुखी की भांति फट जाए, जिसका खामियाजा विभाग को ही भुगतना पड़ेगा। आवश्यक है कि विद्युत विभाग मिले जवाबदेही का जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करते हुए नगर एवं ग्रामीण उपभोक्ताओं के बिजली समस्या का ढंग से निदान करें ताकि बिना आंधी- तूफान वाली बारिश में उन्हें सही तौर पर बिजली मिल सके।



# शतरंज और बैडमिंटन में ग्रामीण खिलाड़ियों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैसमा

शालेय खेलकूद कैलेंडर के तहत करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम जर्वे में आयोजित ब्लॉक स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में बैडमिंटन और शतरंज में ग्रामीण बच्चों ने अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। ब्लॉक स्तर प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ी क्षेत्रीय प्रतियोगिता में शामिल होंगे।

कार्यालय जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा के आदेशानुसार एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी संदीप पाण्डेय के कुशल निर्देशन तथा उमेंद सिंह कंवर प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जर्वे के अध्यक्षता में मंगलवार को को विकासखंड स्तरीय खेल बैठक व्यायाम शिक्षको की उपस्थिति में सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। जिसमें चयनित खिलाड़ियों की जन्मतिथि को स्कूल दाखिल खारिज पंजी से मिलान कर लेवें तथा चार चार प्रति में पात्रता प्रमाण पत्र बनावें एवं समय पर सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालय 40 प्रतिशत क्रीड़ा अंशदान की राशि जिला शिक्षा अधिकारी कोरबा एवं 10 प्रतिशत क्रीड़ा अंशदान की राशि विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के नाम से चेक या डिमांड डॉप जमा करेंगे ताकि समय पर बिना किसी समस्या के खेल प्रतियोगिता जिला एवं विकास खंड स्तर में सम्पन्न हो सके ।इसके साथ ही विकासखंड स्तरीय प्रथम खेल प्रतियोगिता शतरंज एवं बैडमिंटन भी आयोजन किया गया। जिसमें कोथारी, सुखरीकला, कराईनारा, उमरेली करतला एवं मेजबान जर्वे के खिलाड़ी सम्मिलित हुए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले शतरंज बालक एवं बैडमिंटन के खेल भी आयु वर्ग 14,17, 19 का चयन किया गया। उक्त बैठक एवं खेल प्रतियोगिता में वरिष्ठ व्यायाम शिक्षक कृष्णा गढ़वाल, अजय दुबे, धर्मेंद्र सिंह चौहान, श्रीमती कर्मेला टोप्पो, पवन सिंह कंवर, सनत कालेलकर, नवल किशोर उपाध्याय, निर्मल खाखा, पुरुषोत्तम केंवट, पियूष पांडेय, अरुण कुमार कुर्रे एवं विकास खंड खेल प्रभारी देवेन्द्र महतो उपस्थित रहे।


प्रतियोगिता के दौरान विजयी प्रतिभागी।

# शैक्षणिक लक्ष्य प्राप्ति की प्रथम सीढ़ी शाला प्रवेश उत्सव : जोगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

संकुल केंद्र रजकम्मा अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला धवईहापारा में शाला प्रवेश उत्सव सरपंच उर्मिला पैकरा के मुख्य आतिथ्य, नोडल प्राचार्य राजीव जोगी की अध्यक्षता एवं प्रियंका पाटले उपसरपंच, जीवन सिंह मरकाम सीएसी, पुष्पक साहू, विनोद जायसवाल व्याख्याता, छत्रपाल पाटले एसएमसी अध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य में मनाया गया। प्रधानपाठक प्रेमबाई खांडे ने अतिथियों का स्वागत तिलक रोली लगाकर किया। मुख्य अतिथि उर्मिला पैकरा ने पालकों से अपने बच्चों को मोबाइल से दूर रखते हुए प्रतिदिन विद्यालय भेजने को कहा। एसएमसी अध्यक्ष पाटले ने शिक्षकों से कमजोर बच्चों पर अधिक ध्यान केंद्रित करने पर जोर दिया। प्राचार्य जोगी ने कहा कि हम शैक्षणिक लक्ष्य प्राप्ति के बेहद करीब है। छात्र-छात्राओं के साथ माताओं का समन्वय हमारे लिए मील का पत्थर साबित होगा। तत्पश्चात नवप्रवेशी बालक-बालिकाओं का स्वागत गुलाल, तिलक रोली और मिष्ठान खिलाकर किया गया। प्राथमिक प्रमाण पत्र परीक्षा में विद्यालय में प्रथम मीनाक्षी और द्वितीय सुनैना को एसएमसी अध्यक्ष छत्रपाल पाटले ने स्कूल बैग भेंटकर सम्मानित किया। कल्पना शेवलकर ने बच्चों को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक वितरित किया। कार्यक्रम का संचालन रवि चंद्रा ने किया। कार्यक्रम में पंच रामचरण सोरठे, नर्मदा यादव, कुमुदिनी राम, कांति कुर्रे, अर्चना किंडो, भुनेश्वर पटेल, कुमुदिनी चौबे, देवशरण कंवर, भूपेंद्र, राम मरावी, ललिता, अमृता आदि उपस्थित थे।

# कोयला कामगारों को भी मिले स्मार्टफोन और लैपटॉप का लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोयला कामगारों को भी अधिकारियों की तरह मोबाइल और लैपटॉप खरीदी का लाभ देने की मांग उठने लगी है। इस संदर्भ में एचएमएस से सम्बद्ध कोयला श्रमिक सभा के महामंत्री नाथूलाल पाण्डेय ने सीआईएल चेयरमैन एवं निदेशक (मानव संसाधन) को पत्र लिखा है।

**खास बात**

- एचएमएस नेता नाथू लाल ने उठाई मांग

एचएमएस के श्रमिक नेता नाथूलाल पाण्डेय ने सीआईएल के चेयरमेन को लिखे पत्र में उल्लेख किया है कि श्रमिकों के लिए कोई भी सुविधा की मांग करने पर, प्रबंधन की ओर से हमेशा उसमें कटौती करने की प्रवृत्ति देखी जाती है। यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कोल इंडिया प्रबंधन श्रमिकों के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैया अपना रहा है। हाल ही में कोल इंडिया लिमिटेड ने केवल अधिकारियों को स्मार्ट फ़ोन और लैपटॉप की खरीद के लिए प्रतिपूर्ति की एक योजना को मंजूरी दी है और तत्काल प्रभाव से इसका कार्यान्वयन हेतु एक परिपत्र भी जारी किया है। इस अवसर पर मैं श्रमिकों की ओर से श्रमिकों के लिए भी स्मार्ट फ़ोन और लैपटॉप खरीदने की सुविधा प्रदान करने की मांग करता हूँ। यह कहने की आवश्यकता नहीं है कि कोयला श्रमिक कोयला उद्योग के रीढ़ की हड्डी माना जाता है और यदि श्रमिकों को स्मार्ट फ़ोन और लैपटॉप दिया जाए तो इससे उनका मनोबल बढ़ेगा और इसका परिणाम वे अधिक से अधिक कोयला उत्पादन करके देंगे। अतः आप से अनुरोध है कि इस संबंध में आवश्यक कदम उठाए जाए ताकि श्रमिकों को भी स्मार्ट फ़ोन और लैपटॉप की प्रतिपूर्ति मिल सके।

# श्रम संगठनों का दो दिवसीय सदस्यता सत्यापन आज से होगा प्रारम्भ

**बिश्रामपुर।** प्रतिवर्ष होने वाले श्रम संगठनों के सदस्यता सत्यापन का कार्य बिश्रामपुर क्षेत्र में गुरुवार 17 जुलाई एवं 18 जुलाई को संपन्न होगा, इन दो दिनों में अनुपस्थित रहने वाले कोल कर्मचारियों को अलग से 25 जुलाई को सदस्यता सत्यापन का अतिरिक्त अवसर प्रदान किया जाएगा,जो कर्मचारी 17 से लेकर 25 जुलाई तक अधिकृत छुट्टी पर रहेंगे, उन्हें छुट्टी पर जाने के पूर्व अंतिम कार्य दिवस के दिन कार्मिक प्रबंधक के पास व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर आवेदन के साथ ऑप्शन देने का अवसर भी दिया गया है।

- यूनियन पदाधिकारी कोल कामगारों से डोर टू डोर कर रहे संपर्क
- इस बार बीएमएस व एटक श्रमिक यूनियन के बीच सदस्यता संख्या को लेकर है सीधा मुकाबला

बताया गया कि सदस्यता सत्यापन के संबंध में जेसीसी की बैठक में यह भी तय किया गया कि जिस कर्मचारी की जहां बिलिंग होती है वहीं सदस्यता का सत्यापन होगा।क्षेत्रीय मुख्यालय में सदस्यता सत्यापन का समय 10:00 बजे सुबह से 1:00 बजे तक रहेगा।इस बार सदस्यता सत्यापन को लेकर प्रमुख श्रम संगठन बीएमएस और एटक के बीच सर्वाधिक सदस्य संख्या को लेकर सीधा मुकाबला बना हूआ है।

पिछले लंबे समय से क्षेत्र में बीएमएस का दबदबा बना हुआ है,सर्वाधिक सदस्यों के साथ गत वर्ष बीएमएस अव्वल नंबर पर रही, वहीं एटक बीएमएस के बाद दूसरे स्थान पर थी।इसके अलावा आपसी खींचातानी के चलते एचएमएस लगातार पिछड़ती चली जा रही है।इस वर्ष भी एचएमएस की स्थिति सुधरती नहीं दिख रही, वहीं इंटक भी अपनी उपस्थिति दिखाने संघर्षरत है।गौरतलब है कि कोल सेक्टर की पांच प्रमुख यूनियनों में क्रमशः बीएमएस,एटक,एचएमएस एवं इंटक कोल कामगारों से सदस्यता राशि चेक ऑफ सिस्टम से लेते हैं जबकि वाम मोर्चा समर्थित सीटू यूनियन कामगारों से सदस्यता के लिए राशि नगद लेती है।आज गुरूवार से शुरू हो रही सदस्यता सत्यापन को लेकर श्रम संगठनों के पदाधिकारी कार्यकर्ता सक्रिय हैं,पदाधिकारियों के द्वारा डोर टू डोर संपर्क कर अपने यूनियन के पक्ष में सदस्यता सत्यापन के लिए कोल कामगारों से आग्रह किया जा रहा है।

# कलिंगा ने बिना सूचना किया काम बंद, बेरोजगार हुए कर्मी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

आउट सोर्सिंग कंपनी कलिंगा एक बार फिर सुर्खियों में है। इस बार बिना सूचना व नोटिस काम बंद किए जाने को लेकर कर्मियों ने शिकायत की है। साथ ही कर्मियों को वेतन भुगतान नहीं किए जाने से उन्हें बेरोजगार होकर आर्थिक परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। इसे लेकर उन्होंने मानिकपुर जीएम और प्रशासन से शिकायत की है। मांग पूरी नहीं होने पर 16वें दिन आंदोलन की चेतावनी दी है।

मामले की शिकायत कलिंगा कमर्शियल कार्पोरेशन लिमिटेड कंपनी के चालकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर की है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि एसईसीएल मानिकपुर परियोजना में नियोजित कंपनी कलिंगा कमर्शियल कार्पोरेशन लिमिटेड कंपनी, जो ओवर बर्डन का पिछले दो साल से कार्य करते आ रही है। जबकि मानिकपुर साईट का काम 1095 दिन का वर्क आर्डर कलिंगा कंपनी को मिला है। कंपनी द्वारा बिना सूचना दिये वर्करों से 18 मई को कार्य को बंद कर दिया गया। जबकि कोई भी नियोजित ठेका कंपनी कार्य बंद करने के तीन माह पहले वर्करों को नोटिस देता है, जो कि इस कंपनी ने नही किया। इसके पूर्व 26 मई को सभी वर्करों के द्वारा एसईसीएल प्रबंधन को आवेदन दिया गया था, कि जब तक कंपनी का टेण्डर है दिसम्बर तक उनके वेतन का भुगतान किया जाए। आज दिनांक तक एसईसीएल प्रबंधक की ओर से हमें कोई जवाब नहीं मिला है। कलिंगा कंपनी द्वारा उन्हें बिना सूचना दिए कार्य को बंद कर दिया गया। इससे उनके पास दूसरा कोई रोजगार नहीं है और उन्हें आर्थिक कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने मांग की है कि कलिंगा के वर्करों का वेतन भुगतान 15 दिनों के अंदर किया जाए, अन्यथा 15 दिवस के बाद 30 जुलाई को सुबह 6 बजे सभी ठेका मजदूर एसईसीएल मानिकपुर का संपूर्ण कार्य बाधित कर देगें।

**खास बात**

- आक्रोशित कर्मियों ने 30 जुलाई को आंदोलन करने की दी है चेतावनी

## कोरबा मार्केट




**न्यायालय तहसीलदार कटघोरा, जिला-कोरबा (छ0ग0)**

**//ईश्तहार//**


रा.प्र.क्र. 202506050700027
अ-6/2024-25
ग्राम डोकरीखार, प.ह.नं. 02
तहसील-कटघोरा

आवेदिका भगवती पति पुन्ननाथ सिंह, जाति-गांड़ा, निवासी ग्राम राल, तहसील-कटघोरा, जिला-कोरबा (छ.ग.) द्वारा ग्राम डोकरीखार, प.ह.नं. 02, तहसील-कटघोरा, स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 114 एवं 178 रकबा 0.117 एवं 0.251 हे. कुल ख.नं. 02 कुल रकबा 0.368 हे. भूमि जो वर्तमान राजस्व अभिलेख में सुकनाथ पिता धनीराम, शिवनाथ पिता धनीराम, पुन्नाथ पिता धनीराम, लक्ष्मनिया बाई पति धनीराम के नाम पर दर्ज है।

आवेदिका द्वारा खातेदार पुन्नाथ एवं लक्ष्मनिया की मृत्यु होने के उपरांत राजस्व अभिलेख से मृत खातेदार का नाम विलोपित कर उनके स्थान पर उनके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किये जाने हेतु छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 109, 110 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। इस संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 28.07.2025 को न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति जो कुछ भी हो पेश कर सकते है। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 18.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**कटघोरा, जिला-कोरबा(छ.ग.)**



## खबर संक्षेप



### पूर्व उपाध्यक्ष ने अमरनाथ यात्रियों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**कोरबा।** मंगलवार को ग्राम रलिया से अमरनाथ यात्रा जम्मू के लिए 40 श्रद्धालुओं की जत्था रवाना हुआ। अमरनाथ यात्रा जाने वाले श्रद्धालुओं को अजय जायसवाल पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष, जनपद सदस्य नेहा राजेन्द्र तंवर, सोहित यादव अध्यक्ष यादव समाज, गणपति पटेल, सेवंती राठौर, सहित ग्रामजनों के द्वारा यात्रियों को गमछा, श्रीफल देकर बोल बम का नारा लगाकर मंगलमय यात्रा के लिए बधाई देते हुए अमरनाथ यात्रियों को को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा में राजेंद्र पटेल, विष्णु विन्ध्यराज सरपंच, रामनारायण पटेल, सचिन राठौर, विकाश राठौर, बंसन्त कंवर, अरुण महंत, कमल पटेल, लक्की राठौर, देवी राम पटेल, अमन यादव, अश्वनी, गौरव राठौर, प्रकाश कंवर, विकाश यादव, विकाश, सरिता यादव, पूजा राठौर, चंचल कंवर, शिवकुमारी कंवर, विनीता, कमलेश्वरी, कमलेश्वरी कंवर, संदीप, उषा पैकरा, माही कंवर, उपेन्द, राहुल राठौर सहित श्रद्धालु रवाना हुए।

### सात दिन में मांगे पूरी नहीं हुई तो गोंगपा करेगी धरना प्रदर्शन



**कोरबा।** जनपद पंचायत पोड़ी-उपरोड़ा के गोड़वाना गणतंत्र पार्टी के कार्यक्रर्ता अपनी मांगों को लेकर लामबंद हो चकें हैं। कार्यकर्ताओं ने अपनी मांग रखते हुए कहा कि प्रक्रिया पूर्ण कराकर किसानों के पूर्वजों से काबिज भूमि का किसानों को वन अधिकार पत्र दी जाए तथा जनपद पंचायत पोंडी उपरोड़ा के सभी जनपद सदस्यों को 15 वें वित्त की राशि को तत्काल बराबर मात्रा में बांटा जाए व चोटिया में स्थित टोल नाका में 60 किमी के दायरे के वाहनों का टोल टैक्स में छूट तत्काल प्रदान करने की मांग रखे है। अपनी मांगों में यह भी रखी है कि रेल कॉरिडोर से प्रभावित शेष किसानों का बचा मुआवजे की राशि को जाच उपरांत तत्काल राशि दिलायें तथा रावा, नगोई, जटगा एवं मातिन, सासिन रेल्वे लाईन में पानी भराव को तत्काल निकासी कराएं तथा लेंगा से सेमरा जिल्दा परिवरित मार्ग तत्काल बनाया जाए। उपरोक्त समस्याओं का निराकरण गोडवाना गणतंत्र पार्टी ने 7 दिवस के अंदर कराने की मांग पुरी करें अन्यथा गोडवाना गणतंत्र पार्टी द्वारा जनपद पंचायत पोडी उपरोडा के सामने धरना प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होगी जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी।

### कर्मचारी संघों ने किया नवपदस्थ बीईओ का स्वागत



**कोरबा।** छग अनुसूचित जाति/ जनजाति अधिकारी एवं कर्मचारी संघ अजाक्स के प्रदेश महासचिव एवं कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला संयोजक केआर डहरिया, राज्य कर्मचारी संघ छत्तीसगढ़ जिला अध्यक्ष एसएन शिव, अखिल भारतीय ओबीसी, अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अल्पसंख्यक (डोमा) परिसंघ के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्य कर्मचारी संघ के जिला सचिव डॉ सुरेन्द्र कुमार खुंटे ने नवपदस्थ विकासखंड शिक्षा अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा केआर दयाल का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया।

### निःस्वार्थ सेवा संस्थान के सदस्यों ने किया रक्तदान



**मड़वारानी।** निःस्वार्थ सेवा संस्थान छत्तीसगढ़ के सदस्यों द्वारा हर रोज 15 से 20 मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाता है। निःस्वार्थ सेवा संस्थान में हजारों से अधिक सदस्य जुड़ कर निशुल्क सेवा कर रहे हैं जैसे रक्तदान, गौ सेवा, वृक्षारोपण, निःस्वार्थ सेवा संस्थान के बहुत से सदस्यों ने मेडिकल कॉलेज को अपना मृत्यु के पश्चात देह दान भी कर दिए है। जैसे राकेश श्रीवास, मनीष लछवानी, नुतेन्द्र सिंह चंदेल, रामभरोस यादव ,संतोष श्रीवास, गौरव शुक्ला,उत्तम यादव, सूरज सोनी, राजू कुम्हार, लगभग निःस्वार्थ सेवा संस्थान के 20 से अधिक सदस्यों ने अपना मेडिकल कॉलेज को देह दान कर चुके हैं और 50 से अधिक सिकलिंग थैलेसीमिया मरीजों को लगातार ब्लड उपलब्ध करवाने की जिम्मेदारी लिए है। 10 से अधिक किडनी डायलेसिस मरीजों को लगातार रक्त उपलब्ध करवाते रहते हैं एवं रोज 5 से 10 गौवंश का निःशुल्क ईलाज निःस्वार्थ सेवा संस्थान द्वारा किया जाता है जैसे एक्सीडेंट गौ वंश, बीमारगौ वंश, कुत्ते के काटने से घायल गौ वंश सभी का निःस्वार्थ सेवा संस्थान के सदस्य द्वारा हमेशा निःस्वार्थ रूप से सेवा किया जाता है।

### मामला कटघोरा विधानसभा के ग्राम उतरदा रेलडबरी का

# विधायक के गृहग्राम की नदी में नहीं बना पुल, बच्चे नदी पार कर स्कूल आते हैं पढ़ने

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल के गृहग्राम उतरदा रेलडबरी के पितनी नदी पर पुल का निर्माण नहीं होने से आसपास के ग्रामीण अंचल के बच्चे नदी पार कर उतरदा स्कूल पढ़ने के लिए आते हैं। वहीं ग्रामीणों को भी आवागमन में भी नदी में बाढ़ आने से परेशानी का सामना करना पड़ता है।

**खास बात**
- पितनी नदी पर पुल नहीं होने से लोगों को होती है परेशानी



नदी पार कर पढ़ाई करने जाती छात्राएं।

इस मामले के अनुसार विकासखंड पाली अंतर्गत व कटघोरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम उतरदा पितनी नदी बहती है, जिसे पार कर धौराभांठ, रामपुर व अंडीकछार से ग्रामीण उतरदा सहकारी समिति, अस्पताल, बैंक व बस पकड़ने उतरदा नदी पार कर या 10-15 किमी घूमकर पहुंचते हैं। वहीं सबसे बड़ी समस्या स्कूली बच्चों की है जो छोटे हैं, हाथ में स्कूल बैग व ड्रेस जिसे बचाने सिर पर बस्ता और स्कूल ड्रेस को गिला होने से बचाने तेज बहाव पितनी नदी को पार कर स्कूल आते-जाते हैं। लगभग क्षेत्र से दर्जनों बच्चे शिक्षा ग्रहण करने कुछ इसी तरह नदी पार कर तीन किमी पैदल चल कर मिडिल और हाई स्कूल उतरदा पहुंचते हैं जो खतरे से भरा रहता है। बच्चे अगर पानी के तेज बहाव में संभल नहीं पाये तो कुछ भी घटना घट सकती है। वहीं कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल का गृह ग्राम होने के कारण क्षेत्र के लोगों को इस गंभीर समस्या से जल्द ही निजात मिलने की उम्मीद बनी हुई है। किंतु अब तक निर्माण को लेकर कोई पहल नहीं हुई है। आने वाले बारिश से पूर्व इस नदी पर पुल बनने की उम्मीद है।

**नदी में 30 मीटर लंबे पुल का होना है निर्माण**

उतरदा के पितनी नदी में 30 मीटर लंबे पुल का निर्माण किया जाना है। जिसकी कुल लागत 1 करोड़ 78 लाख रुपए है जिसके लिए लोक निर्माण विभाग को एजेंसी बनाया गया है। टेंडर की प्रक्रिया के लिए शासन को स्वीकृति के लिए भेजा गया है। स्वीकृति नहीं मिलने के कारण निर्माण की टेंडर प्रक्रिया शुरु नहीं हो सकी है।

**बच्चों को न भेजें स्कूल**

बच्चों की सुरक्षा को देखते हुए बारिश की वजह से नदी में ज्यादा पानी आने के कारण बच्चों व अभिभावकों को खतरा मोल लेकर स्कूल न भेजने की सलाह दी है।
**-पीपी अंचला,** प्राचार्य, हाई स्कूल

पुल बन जाने से आवागमन की यह समस्या बारिश के दिनों में दूर हो जाएगी, लोगों को व स्कली बच्चों को जानजोखिम में डालकर नदी पार करना नहीं पड़ेगा।

## हेलीपैड के पीछे नशाखोरी का अड्डा, पुलिस ने की कार्यवाई



कार्यवाही करती पुलिस व निगम कर्मी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

खाली पड़ी जगह को नशेड़ी अपने नशे का अड्डा बनाने में तनिक भी देरी नहीं करते हैं और उस जगह पर अपनी महफिल सजाते हैं। इसी तरह एसईसीएल हेलीपैड के पीछे खाली पड़ी जगह नशाखोरों का खास अड्डा बना हुआ है। यहां कुछ लोगों के द्वारा अवैध रूप से एक झोपड़ी बनाकर उसमें नाबालिक बच्चों सहित अन्य लोगों को नशे की सामग्री उपलब्ध कराई जा रही थी, इसकी शिकायत स्थानीय लोगों द्वारा मानिकपुर चौकी में की गई।

**खास बात**
- पुलिस व प्रशासन की संयुक्तटीम ने की कार्यवाही

मानिकपुर पुलिस की टीम एवं नगर निगम के अतिक्रमण दल के द्वारा एसईसीएल हेलीपैड के पीछे पहुंचकर उस झोपड़ी को हटाया गया। मौके से प्राप्त आपत्तिजनक सामग्रियों को जप्त किया गया। अधिकारियों ने बताया कि मानिकपुर चौकी से सूचना प्राप्त हुई थी कि यहां कुछ लोगों के द्वारा अवैध कब्जा किया गया है एवं उस पर अवैध कारोबार किया जा रहा है। जिस पर मानिकपुर पुलिस के सहयोग से कार्यवाही करते हुए झोपड़ी को हटाया गया है। पुलिस ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के दिशा निर्देश पर नशे पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है, एसईसीएल हेलीपैड के पास नशाखोरी की शिकायत मिल रही थी जिस पर नगर निगम के साथ मिलकर यह कार्यवाही की गई है।

## एटीएम में पट्टी लगाकर लोगों के पैसों की लूट, दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो शातिर चोरों द्वारा एटीएम मशीनों में चलाकी के साथ पट्टी लगाकर लोगों के पैसे लूटने का कार्य किया जाता था। मामले में पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों की पहचान मो अरफात शेख और इशरत के रूप में हुई है। दोनों यूपी के प्रतापगढ़ अचलपुर के रहने वाले बताए जा रहे हैं।

जानकारी के अनुसार आरोपियों द्वारा बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत परसाभाठा स्थित एक एटीएम के भीतर अपनी योजना को अंजाम देते थे। अगर कोई व्यक्ति पैसे निकालने के उद्देश्य से एटीएम के अंदर प्रवेश करता था तो पहले ही एटीएम के पैसे निकालने वाली जगह पर आरोपियों द्वारा काली पट्टी लगा दी जाती थी जिससे लोगों के पैसे बाहर नहीं निकल पाते थे। जैसे ही हितग्राही एटीएम से बाहर जाता, आरोपी पट्टी को निकाल कर पैसे लेकर रफूचक्कर हो जाते थे। वहीं दूसरी और हितग्राही बैंकों के चक्कर काटते रहते थे। डायल 112 को मामले की सूचना दी गई थी। जिस पर हिमाचल सिंह कंवर एवं एबीपी चालक सत्येंद्र सिंह गेंदले ने त्वरित रूप से मौके पर पहुंचकर आरोपियों को थाना बालको पुलिस के सुपुर्द कर दिया। जिसके बाद पुलिस द्वारा आरोपियों को हिरासत में लेकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है।



आरोपी।

## हत्या के आरोपी को मिली आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घर में अकेली वृद्धा को चोरी करने की नीयत से घुसे युवक ने रंजिशवश निर्दयतापूर्वक मार डाला। आरोपी को आजीवन कारावास और अर्थदण्ड की सजा से दण्डित किया गया है।

जानकारी के अनुसार जिले के हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम धतुरा बस्तीपारा में महामाया मंदिर के पास की निवासी कलाबाई राठौर 60 वर्ष घर पर अकेली रहा करती थी। घटना की जानकारी दिनाँक 14 सितम्बर 2022 को तब हुई जब शाम करीब 7 बजे उसका पुत्र मनीष राठौर माँ का हाल जानने घर पहुंचा तो सामने का दरवाजा भीतर से बंद मिला। काफी देर तक खटखटाने के बाद भी कोई आवाज नहीं आई तो पीछे के रास्ते से भीतर गया जहां लहूलुहान हालत और असामान्य परिस्थितियों में उसकी मां की लाश बिस्तर पर पड़ी थी। सूचना पर तत्कालीन हरदीबाजार चौकी प्रभारी एसआई मयंक मिश्रा मातहतों के साथ घटनास्थल पहुंचे। यहां पत्थर का लोढ़ा मिला जिसमें खून लगा हुआ था जिससे यह ज्ञात हुआ कि इसी से मारकर हत्या की गई है। पुलिस ने संपूर्ण विवेचना के पश्चात अभियोग पत्र न्यायालय में पेश किया। प्रकरण में विचारण के दौरान प्रथम अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा पीठासीन अधिकारी श्रीमती मधु तिवारी के द्वारा साक्षियों के साक्ष्य के दौरान आये तथ्यों के आधार पर आरोपी के विरूद्ध धारा 302 भा.द.वि. के तहत दोषसिद्ध होने पर आरोपी को आजीवन सश्रम कारावास एवं 2 हजार रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया है। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक संजय जायसवाल ने किया।

## उद्योग मंत्री के प्रयासों से शहर को मिली 47 करोड़ के विकास कार्यों की स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वाणिज्य उद्योग और श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की प्रयासों से शहर के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 47 करोड़ 46 लाख रुपए की स्वीकृति मिली है। उक्त कार्यों में शहर के विभिन्न वार्ड़ो में आरसीसी नाली, आरसीसी नाला, कलवर्ट के साथ शहर में गौरव पथ का निर्माण शामिल है। उपमुख्यमंत्री और जिले के प्रभारी मंत्री अरुण साव ने उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन के विभिन्न विकास कार्यों के प्रस्तावों पर मंगलवार को स्वीकृति आदेश जारी किया है।

**खास बातें**
- बनेंगे 4 बड़े नाले, शहर को मिलेगी जल भराव समस्या से निजात
- सीएसईबी चौक से कोसाबाड़ी तक मार्ग बनेगा गौरवपथ



लखन देवांगन

उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने सी ए स ई बी चौक से वीआईपी मार्ग होते हुए तानसेन चौक होते हुए कोसाबाडी चौक तक गौरव पथ निर्माण के लिए स्वीकृति हेतु प्रस्ताव दिया गया था। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने नगरोत्थान योजना के तहत उक्त गौरव मार्ग के निर्माण हेतु 37 करोड़ 46 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। पोड़ीबहार चर्च से हनुमान मंदिर तक आरसीसी नाली निर्माण कार्य लागत 2 करोड़, एसपी ऑफिस से रजगामार बीटी रोड निर्माण कार्य 2 करोड़, दादर रोड कलवर्ट से मानिकपुर मुक्तिधाम तक कलवर्ट एवं नाला निर्माण कार्य 2 करोड़, मेनन शॉप से रेलवे घाट तक 100 बेड अस्पताल के सामने आर सीसी नाला निर्माण कार्य लागत 2 करोड़, दर्री जोन पीएमवाय साइट से लाटा तालाब आर सीसी नाला निर्माण कार्य 2 करोड़ की स्वीकृति मिली है। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति के लिए उद्योग मंत्री श्री देवांगन ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व उपमुख्यमंत्री अरुण साव का आभार जताया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री साय और उपमुख्यमंत्री श्री साव के नेतृत्व और मार्गदर्शन में पूरे प्रदेश में विकास आज नए आयाम छू रहा है। शहर में भी बीते डेढ़ वर्षों में 500 करोड़ से ज्यादा की स्वीकृति मिल चुकी है। जिन कार्यों की स्वीकृति आज मिली है, निश्चित तौर पर शहर के अधोसंरचना के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम है।

## रंजना में पुलिया बह गई, 6 दिन से खोरंगापारा से कटा संपर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा जिले के कटघोरा विकासखंड अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत रंजना के खोरंगापारा में एसईसीएल के द्वारा 5 वर्ष पूर्व बनाया गया पुलिया का एक हिस्सा भारी बारिश में बह गया है। जिसकी वजह से खोरंगापारा का ग्राम पंचायत रंजना से संपर्क टूट गया है। जिससे लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ा है।

खोरंगापारा मोहल्ले में लगभग 40 परिवार निवासरत हैं व गांव में प्राथमिक शाला है। मूल ग्राम रंजना में माध्यमिक शाला हायर सेकेंडरी स्कूल भी शासन द्वारा संचालित है। 5-6 दिन पूर्व उक्त खोरंगा नाला पर बने पुलिया के ढह जाने के कारण गांव का पंचायत रंजना से संपर्क पिछले 5 दिनों से टूट चुका है। ग्रामीणों को जहां अपने दैनिक जीवन उपयोग की वस्तुओं की प्राप्ति के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है और घुमावदार रास्ता भी नहीं है जिससे कि वे घूमकर आवश्यकता की वस्तुएं खरीद सकें। आवागमन के दौरान जान जोखिम भी डालकर मोहल्ले वासी दैनिक उपयोग की वस्तुएं रंजना में आकर क्रय करते हैं। प्राथमिक शाला खोरंगापारा की शिक्षिका जान जोखिम में डालकर स्कूल पढ़ाने जाती हैं। प्राथमिक शाला तो ठीक लेकिन जिन बच्चों को माध्यमिक शाला जाना होता है, उनके लिए काफी परेशानी हो रही है और वह स्कूल जाना बंद कर दिए हैं। इसी तरह से ग्राम पंचायत रंजना से खोरंगा पारा आने वालों का भी फिलहाल सम्पर्क टूट चुका है। बताया गया कि पुलिया का एक हिस्सा बह जाने के कारण उत्पन्न समस्या का समाधान करने की कोशिश लगातार ग्राम के सरपंच श्रीमती ममता मरकाम व पंचायत सचिव हरि सिंह कंवर द्वारा की जा रही है। यहां जेसीबी लगाकर पुलिया के टूटे हुए हिस्से में मरम्मत कराने की कोशिश जारी है ताकि आवागमन का वैकल्पिक व्यवस्था बन सके। इस संबंध में सरपंच द्वारा कोरबा कलेक्टर से मुलाकात कर जानकारी दे दी गई है।



क्षतिग्रस्त पुलिया की मरम्मत करते कर्मी।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

### गुणवत्ता की खुली पोल, जिला पंचायत अध्यक्ष ने दिए जांच के आदेश

# जिपं के सामने बने करोड़ों के कॉम्प्लेक्स में आया दरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला पंचायत के सामने वर्ष 2018 में करोड़ों रुपये की लागत से निर्मित सखी स्व-सहायता समूह नकटीखार का कॉम्प्लेक्स अब भ्रष्टाचार और लापरवाही की कहानी खुद ही बयान कर रहा है। महज 8 साल में इमारत का यह हाल है कि चारों ओर दरारें, दीवारों से झरता प्लास्टर और छत से टपकता पानी दिख रहा है। यह सब इस ओर इशारा करता है कि निर्माण के समय भारी अनियमितताएं और घटिया काम हुआ। इस कॉम्प्लेक्स में सखी स्व-सहायता समूह नकटीखार की महिलाएं अपनी दुकानें संचालित कर रही हैं। जर्जर हालात ने उनकी जान-माल दोनों पर खतरा खड़ा कर दिया है। दुकानदारों का कहना है कई बार शिकायत की, अधिकारी आए, फोटो खिंचवाए और फाइल बंद कर चले गए लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। आखिर क्यों महज कुछ सालों में करोड़ों का भवन दरक गया। क्या निर्माण एजेंसी ने गुणवत्ता से समझौता किया, क्या निरीक्षण करने वाले इंजीनियरों ने आंखें मूंद ली थीं। अब स्थानीय लोग मांग कर रहे हैं कि निर्माण एजेंसी पर एफआईआर दर्ज की जाए साथ ही जिम्मेदार इंजीनियरों की भूमिका की भी जांच होने के साथ साथ दोषी पाए जाने पर ठेकेदारों के खिलाफ भी सख्त कार्रवाई हो। दुकानदारों और स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि जल्द मरम्मत और दोषियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे जिला पंचायत कार्यालय का घेराव करेंगे।



काम्पलेक्स की छत में आयी दरार।

**होगी कार्रवाई**

दुकान की स्थिति चिंताजनक है। मैंने अधिकारियों को तत्काल जांच करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। यदि निर्माण में गड़बड़ी पाई गई तो ठेकेदार, इंजीनियर और जिम्मेदार एजेंसी किसी भी कीमत पर बख्शे नहीं जाएंगे।
**-पवन सिंह,** अध्यक्ष जिला पंचायत

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
12 अगस्त, 09 सितंबर, 07 अक्टूबर, 11 नवम्बर, 23 दिसंबर 2025 (10 दिन)
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी, त्रिवेन्द्रम (पद्मानाभ स्वामी)
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411